Seventeenth Loksabha

an>

Title:Regarding railway related issues in Aligarh Parliamentary Constituency.

श्री सतीश कुमार गौतम (अलीगढ़): सभापति महोदय, आज आपने जीरो ऑवर में मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी और सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि कानपुर शताब्दी हमारे यहां अप में रुकती है, डाउन में नहीं रुकती है। वह ट्रेन जब दिल्ली से जाती है, तो नहीं रुकती है। इससे यात्रियों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

दूसरा, अलीगढ़ रेलवे स्टेशन दो लाइन्स से जुड़ा हुआ है। वहां एक मालगोदाम है। अगर वह मालगोदाम महरावल पर शिफ्ट हो जाता है तो वह तीसरी लाइन से कनेक्ट होगा। स्टेशंस पर जो ट्रेन्स लेट हो जाती हैं, उससे वे जल्दी आनी शुरू हो जाएंगी।

तीसरा, रेल विभाग का एक और मामला है। हमारे यहां ताला नगरी है और डिफेंस कोरिडोर है। मोदी जी के द्वारा डिफेंस कोरिडोर और तालानगरी में बहुत उत्पाद बढ़ा। डिफेंस को**रि**डोर में अलीगढ़ एनसीआर के नजदीक है। वहां पर राजधानी ट्रेन नहीं रुकती है।

महोदय, मेरी आपके माध्यम से मांग है कि बेशक टिकट हमारी दिल्ली से बने, लेकिन बोर्डिंग अलीगढ़ हो जाए, तो इससे हमारे व्यापारियों को हावड़ा राजधानी से आने-जाने में सुविधा होगी।